हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 17 जुलाई 2025

06 टीकमगढ़ पुलिस की सख्ती रंग लाई, अवैध...



09 ढोटी के पास टूटी चंबल नहर की 30.78...





## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 564.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 564.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 735.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 487.0 मि.मी., जैसीनगर में 477.6 मि.मी., राहतगढ़ में 735.2 मि.मी., बीना में 415.6 मि.मी., खुरई में 589.7 मि.मी, मालथौन में 529.3 मि.मी., बण्डा में 627.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 557.2 मि.मी, रहली में 532.1 मि.मी, देवरी में 588.7 मि.मी. तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### डीएपी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का प्रयोग करें किसान भाई

**सागर।** खरीफ फसलों की बुवाई एवं बुआई के पश्चात किसान भाईयों से कलेक्टर संदीप जी आर ने अपील है कि इस बार अपनी फसलों में नैनों डीएपी तरल का प्रयोग अवश्य करें। नैनों डीएपी एक तरल उर्वरक है जिसमें 8.0% नाइट्रोजन और 16.0% फॉस्फोरस होता है। अन्य उर्वरकों के मुकाबले नैनो डीएपी के कण आकार में छोटे होते हैं। इनका आकार 100 नैनोमीटर से कम होता है। इसकी अनूठी क्रिया इसे बीज की सतह के अंदर या स्टोमेटा और अन्य पौधों के उभार के माध्यम से आसानी से प्रवेश करने में सक्षम बनाती है। उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि नैनो डीएपी का छिड़काव करने से विभिन्न लाभ प्राप्त होता है। बीज अंकुरण के तुरंत बाद पौधे को पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है जो परंपरागत डीएपी से समय पर नहीं मिल पाती। नैनो डीएपी के उपयोग से पौधे को तुरंत पोषक तत्व मिलते है। जिससे जड़ और पौधे की वृद्धि तेजी से होती हैं। पौधे में जड़ों की संख्या बढ़ती है। नमी की कमी होने पर पौधे की सूखा सहन करने की क्षमता बढ़ती है। पौधे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### पद्माकर नगर में मनाया गया सावन महोत्सव

**सागर।** पद्माकर नगर में महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया, महोत्सव में हरे कपड़े पहन कर हरियाली का संदेश दिया गया, महोत्सव का शुभारंभ राधा कृष्ण के पूजन के साथ हुआ, महिलाओं ने हिंदू परंपरा अनुसार सावन के झूले सजाये, हरि चूड़ियाँ, मेहँदी का वितरण हुआ। पारंपरिक पकवान बनाये गये, पद्माकर नगर की सांस्कृतिक सचिव प्रीति सिंह राजपूत द्वारा कार्यक्रम का संयोजन, संचालन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुचेता दूबे, डॉ वापी शर्मा, डॉ मोनिका शर्मा, कविता सबलोक, अर्चना त्रिपाठी, शोभा त्रिपाठी, मीनू साहू, शांति गुप्ता, सधना सिंह तोमर, संगीता वैध, डॉ प्रीति ठाकुर, डॉ स्नेहल चौबे, पारुल चौहान, ज्योति चौहान, कंचन साहू, सोनल यादव, समीक्षा अग्रवाल, डॉ श्रद्धा तिवारी, नीलम श्रीवास्तव, श्रद्धा तिवारी, इन्द्रप्रीत खनुजा, प्रभा राजपूत, रुचि सिसोदिया इत्यादि सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

### निशुल्क शिविरों का आयोजन किया

**सागर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालनालय आयुष भोपाल एवं जिला आयुष अधिकारी सागर, डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सागर जिले के समस्त 29 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक दिवसीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य विषय बुजुर्ग और अपशमन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं रहा। इस अवसर पर बुजुर्गों की समग्र भलाई को ध्यान में रखते हुए निम्न विषयों पर विशेष परामर्श और सेवाएं प्रदान की गईं।

---

**गढ़ाकोटा की गणेश टाकीज में 18 जुलाई से दिखाई जाएगी फिल्म, देखने को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह**

# अभिनेता राजा गुरु की फिल्म आराध्य का ट्रेलर आउट, पावर फुल एक्शन का तड़का, सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

## गढ़ाकोटा तहसील के एक छोटे से गांव उदयपुरा के निवासी है गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा




18 जुलाई शुक्रवार को 250 सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्म आराध्य में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता राजा गुरु की फिल्म को देखने के लिए दर्शकों में अभी से भारी उत्साह है। गढ़ाकोटा तहसील के एक छोटे से गांव उदयपुरा के निवासी हैं । राजा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत रंगमंच से की है। बॉलीवुड में तेजी से अपनी पहचान बना रहे अभिनेता राजा गुरु की 18 जुलाई को प्रदर्शित होने वाले नए अवधि भाषा का फ्लेवर लिए हिंदी फिल्म आराध्य का ट्रेलर पिछले दिनों आउट कर दिया गया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ट्रेलर में अभिनेता राजा गुरु का गंभीर लुक, शानदार एक्शन और परफॉर्मेंस दर्शकों को काफी प्रभावित कर रहा है। तीन मिनिट्स दो सेकंड का ये ट्रेलर पूरी तरह से दर्शकों को अभिनेता के शानदार परफोर्मेंस की वजह से बांध कर रखने में कामयाब है। ट्रेलर की शुरूआत वॉयस ओवर में संस्कृत के एक लोक से शुरू होती है जिसमें राजा गुरु की साउथ के स्टाइल में शानदार एंट्री होती। ट्रेलर के पहले सीन में ही राजा गुरु की एंट्री जिज्ञासा पैदा करती है कि आखिर मामला क्या है। धीरे धीरे ट्रेलर अभिनेता का फिल्म के अंदर उनके अलग अलग शेड्स को रिवील करता है। शानदार संवाद अदायगी और शानदार एक्शन और परफोर्मेंस से अभिनेता राजा गुरु फिल्म के ट्रेलर में अपनी जबरदस्त। छाप छोड़ने में कामयाब होते दिखते है। बता दें कि राजा गुरु बॉलीवुड में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय है और बहुत तेजी से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रहे हैं। राजा गुरु ने इससे पूर्व धारावाहिक अंखियों के झरोखे से, किसके रोके रुका है सवेरा तथा दिल आसना है के साथ साथ कई रीजनल फिल्म आन बान और शान, औलाद, तथा फिल्म धप्पा में भी अपने अपने दमदार अभिनय से सबको प्रभावित कर चुके हैं। इसके अलावा अवॉर्ड विनिंग शॉर्ट फिल्म कंफर्ट गोज ऑन तथा द लॉन्ग ड्राइव में भी सबको अपने अभिनय से चौंकाया है। राजा गुरु के फैंस और फॉलोवर्स को ट्रेलर बहुत पसंद आ रहा है और फिल्म का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अभिनेता राजा गुरु भी अपनी इस फिल्म से खासे उत्साहित है। फिल्म में अभिनेत्री रूपाली जाधव के साथ भी उनकी केमेस्ट्री बहुत जबरदस्त दिखती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अभिनेता राजा गुरु इस फिल्म से अपने फैंस के भरोसे पर कितना खड़ा उतरते हैं। अर्धनारेश्वर क्रिएशनस के बैनर तले बनी इस फिल्म के निमार्ता अमरनाथ शर्मा, सह निमार्ता तुषार शर्मा और लेखक व निर्देशक सुजीत गोस्वामी हैं।

18 जुलाई को लगभग 250 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म में राजा गुरु मुख्य भूमिका में हैं जबकि उनके साथ ज्ञान प्रकाश, पंकज बेरी, दीपक दत्त शर्मा और रूपाली जाधव भी महत्वपूर्ण चरित्र निभा रहे हैं। फिल्म का संगीत भी इसका प्लस पॉइन्ट है और गाने शाहिद माल्या, राहुल सक्सेना, फरहाद भिवंडीवाला, कृतिका श्रीवास्तव जैसे सिंगर ने गाए हैं।



## 3600 लेखन पुस्तिकाओं को अयोध्या जी बैंक में ज़मा किया जाएगा

**सागर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट सिरोंजा परिसर स्थित संकटमोचन मंदिर में विराजमान हनुमान जी की प्रेरणा एवं कृपा से क्षेत्रवासियो के द्वारा अप्रैल 2012 में श्री सीताराम नाम लेखन प्रारम्भ किया गया था जो वर्तमान में भी अनवरत जारी है । उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा सागर के सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि अभी तक लेखन प्रेमियो के द्वारा सवा करोड़ लेखन जप को अठारह बार पूर्ण कर लिया गया | जिसमे लेखन समिति के सदस्यो के द्वारा पूर्व में अयोध्या जी जाकर 7200 सीताराम लेखन की पूर्ण पुस्तिकाओ को अंर्तराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में जमा किया जा चुका है। शेष बची 3600 लेखन पुस्तिकाओ को 19 जुलाई को समिति के सदस्यो के द्वारा अयोध्या में ज़मा किया जावेगा। पं श्री द्विवेदी ने बताया आज दिनांक को हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर के पुजारी एवं बैंक मैनेज़र पं गोपालदास शर्मा , सहव्यवस्थापक ब्रजेश द्विवेदी, बैंक क्लर्क अंशुल सेन, एवं समिति के सदस्य पं रामरतन तिवारी, नमन द्विवेदी के द्वारा अयोध्या ले जाने वाली 3600 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को 21 बड़े थैलो में पेक कर अयोध्या जाने की तैयारी पूर्ण की ।



## जै-जै सरकार स्वामी महंत श्री किशोर दास जी की शिष्य मंडल ने की विदाई

**सागर।** स्वामी महंत श्री किशोर दास देव जू महाराज की भक्तमाल कथा, गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तत्पश्चात मंगलवार को शाम सागर शिष्य मंडल नें पूज्य गुरूदेव महाराज की विदाई की । सभी शिष्य मंडल के सदस्यों की आंखे नम हो गयी। महाराज श्री ने गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव के सफल कार्यक्रम की खूब-खूब बधाईयां दी। शिष्य मंडल सहित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का सहयोगियों का जिन्होंने तन-मन-धन से श्रम करते हुये इस महा महोत्सव को सफल बनाया सभी ने पूर्ण समर्पित होकर इतने बडे.भव्य विशाल आयोजन जहां पूरे देश भर से संत जनों का आगमन हुआ । सभी संत जनों ने भी व्यवस्था को लेकर खूब प्रशंसा की। महाराज श्री ने कहा गौ सेवा, संत सेवा को समर्पित होकर कार्य करते रहें सभी पर श्री श्यामा श्याम जू की कृपा खूब बरसती रहे । बडी संख्या मे शिष्य मंडल महाराज श्री को पड़रिया धाम तक छोडने के लिये गये। सभी ने श्री ठाकुर जी के दर्शन किये प्रसादी ग्रहण की देर रात्रि शिष्य मंडल के सदस्य वापिस लौटे।

# 425 किग्रा वजन उठाकर सागर की बेटी ने जापान में देश को दिलाया कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




हिमेजी जापान में चल रही एशिया अफ्रीका पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सागर की बेटी आयुषी अग्रवाल ने 425 किलोग्राम वजन उठाकर देश को कांस्य पदक दिलाया है। उन्हें यह पदक बेंच प्रेस इवेंट में हासिल हुआ।

सागर के सराफा व्यापारी अशोक अग्रवाल की बेटी आयुषी की इस सफलता से परिवार और मित्रों में हर्ष का माहौल है। आयुषी ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में पदक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि शहर और देश का मान बढाया है। इतना ही नहीं बुंदेलखंड के इतिहास में यह पहली बार है जब महिला खिलाड़ी ने पॉवर लिफ्टिंग इवेंट में अंतरराष्ट्रीय पदक जीता है। वहीं आयुषी ने अपने अधिकतम 417 किलोग्राम वजन के रिकॉर्ड को भी तोड़ते हुए नया मुकाम हासिल किया है। आयुषी गुरुवार को जापान से लौटकर सागर आएंगी। आयुषी का कहना है कि उनकी इस सफलता के पीछे 3 साल से चल रही कड़ी मेहनत और कोच शैलेंद्र एडविन का मार्गदर्शन है। वहीं अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने के बाद आयुषी का लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप और कॉमन वेल्थ गेम्स में देश को स्वर्ण पदक दिलाना है। इसकी तैयारी में वे सागर लौटते ही जुट जाएंगी। आयुषी बताती हैं कि उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 3 साल पहले जिम ज्वाइन किया था। इसी दौरान इन्हें पॉवर लिफ्टिंग खेल के बारे में जानकारी मिली।

इसके बाद आयुषी का रुझान इस खेल की ओर बढ़ा। शुरुआत में जिला स्तरीय और संभाग स्तरीय खेलों में सफलता भी हासिल हुई। लेकिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए सागर में सुविधाओं का अभाव था। जिसके बाद उन्होंने सागर से 80 किमी दूर बीना में रहने वाले कोच शैलेंद्र एडविन से संपर्क किया और वे आयुषी को प्रेक्टिस कराने के लिए तैयार हो गए। लेकिन इसके लिए आयुषी को हर दिन सागर से बीना और बीना से सागर करीब 160 किमी का सफर तय करना होता था। आयुषी की दिन रात की मेहनत का नतीजा है कि उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है।



## जो सत्संग से जुड़ा रहता है उन्हें स्वर्ग मिलता है : नारायणदास निरंकारी

**सागर ।** सत्संग से जुड़े रहने वाले लोगों को स्वर्ग मिलता है, यह एक धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यता है। सत्संग का अर्थ है सत्य के साथ संगति, और इसका मुख्य उद्देश्य है मनुष्य को सद्गुणों की प्राप्ति कराना, नकारात्मकता से दूर करना और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना आज रुक्मणि देवी की याद में मनवानी परिवार ने सत्संग का आयोजन किया है जैसा रुक मणि अर्थात मणि मोती जैसा उनका जीवन की कीमत थी। उन्होंने गुरु की प्रति हमेशा समर्पित भाव से अपना जीवन जिया महात्माओ ने आगे कहा,, जिस मरने से जग डरे मेरे मन आनद,, मरने ते ही पाइये पूर्ण परमानन्द,,, ऐसे ही माताजी ने गुरु के चरणों में रहकर मोक्ष को प्राप्त किया आज हम उनको याद कर रहे है वे हमेशा सत्संग से जुडी रही और आखरी समय भी सिमरन करती रही । निराकार ने उन्हें अपनी शरण में ले लिया । इस अवसर पर राजेश मनवानी, पूर्व विधायक सुनील निधि जैन, समाजसेवी कपिल मलैया, सुनील भाई पटेल, निर्मल भोले, सुरेश मोहनानी,सुनील मनवानी, द्वारकादास उच्वानी, प.पप्पू तिवारी, चम्पक भाई जैन उपस्थित थे ।

## गाड़ी बचाने के चक्कर में खाद से भरा वाहन पलटा तीन घायल, सागर से छत्तीसगढ़ जा रहा था ट्रक, सागर दमोह रोड के चनौआ में हुआ हादसा

**गढाकोटा।** गढाकोटा तहसील के चनौआ के पास एक खाद का ट्रक दमोह से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में पलट गया जिसमें ड्राइवर, कंडक्टर ओर क्लीनर घायल हो गए जिन्हें डायल 100 कि मदद से गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां तीनो का इलाज किया जा रहा है । मिली जानकारी के अनुसार यह ट्रक सागर से धान का खाद लेकर छत्तीसगढ़ जा रहा था कि सागर दमोह स्थित चनौआ ग्राम के आगे दमोह से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में पटरी से ऊतर गया ओर पलट गया। जिसमें ट्रक में बैठे ड्राइवर,कंडक्टर व क्लीनर को चोटे आई है जिन्हें डायल 100 कि मदद से गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है । तीनों लोग राजस्थान के चित्तोरगढ़ के बताए जा रहे हैं।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सागर की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिनांक 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी को समय से पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## किसान भाई चिंतित न हों सभी को मिलेगा उर्वरक : कलेक्टर

**सागर।** जिले के सभी खाद वितरण केंद्र डबल लॉक पर किसान भाईयों की सुविधा एवं समय पर खाद प्राप्त हो सके इसके लिए अतिरिक्त काउंटर लगाकर खाद उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। किसान भाई चिंतित न हों सभी को खाद उर्वरक मिलेगा उक्त अपील कलेक्टर संदीप जी आर ने किसान भाईयों से की है। उन्होंने कहा कि जिले में मांग के हिसाब से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और लगातार मांगपत्र वरिष्ठ कार्यालय को भेजा रहा है। खाद उर्वरक की आपूर्ति लगातार प्राप्त हो रही है और किसान भाईयों को वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी वितरण केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जावे किसान भाईयों की अत्यधिक संख्या होने पर उनको टोकन वितरित किए जाए। टोकन पर स्पष्ट रूप से अगली तारीख अंकित की जावे जिससे कि किसान भाई उस तारीख पर आकर आसानी से खाद प्राप्त कर सके उन्होंने कहा कि दो हजार मीट्रिक टन का वितरण मंगलवार को किया गया। 2600 मीट्रिक टन की एक रैक और प्राप्त हुई है जिसका वितरण लगातार किया जा रहा है ।

**कुरवाई में युवा क्षत्रिय सम्मेलन को संबोधित किया, सबको मिलकर करना है सामना**

# जब जब क्षत्रिय विभाजित हुए देश गुलाम बना: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




यह धारणा बनी है कि जब जब क्षत्रिय विभाजित हुए तब तब देश गुलाम हुआ। क्षत्रियों की एकता का सपना राणा सांगा ने देखा था। हम सभी को मिलकर वीर साहसी योद्धा राणा सांगा का सपना पूरा करना है। यह विचार कुरवाई में आयोजित विधानसभा क्षेत्र स्तरीय युवा क्षत्रिय समाज में हजारों की संख्या में पधारे युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने सम्मेलन में मंच से उतर कर क्षत्रिय समाज के सभी युवाओं का पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया और अपने ओजस्वी भाषण से युवाओं में उत्साह का संचार कर दिया।

कुरवाई के उत्सव गार्डन में आयोजित युवा क्षत्रिय सम्मेलन में युवा नेता अविराज सिंह ने युवा शक्ति से कहा कि जीवन में उम्र नहीं प्रयास तय करते हैं कि सफलता कितनी बड़ी होगी। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने अपने पहला युद्ध 14 वर्ष की आयु में लड़ा, साहस व शौर्य के प्रतीक राणा सांगा ने 20 वर्ष की आयु में और महाबली छत्रसाल तथा वीर शिवाजी ने 15 वर्ष की आयु में अपने पहले युद्ध लड़े। अने संघर्ष से इतिहास लिख कर में यह तीनों महापुरुष अमर हो गए। क्षत्रिय समाज के इतिहास से यह सीख सकते हैं कि युवा जो चाहे वो प्राप्त कर सकते हैं। क्षत्रिय युवा पूरे विश्व को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष की भावना हम सबको विरासत में मिली है। संघर्ष से मिली सफलता विरासत में अर्जित सफलताओं से महान होती है।

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि 1857 में स्वतंत्रता के युद्ध की शुरुआत जिन 44 सैनिकों ने अंग्रेज अफसरों द्वारा दिए गए गोवंश की चर्बी वाले कारतूसों का विरोध करके की थी उनमें से 34 सैनिक क्षत्रिय थे। करगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए हमारे 437 सैनिकों में से 142 सैनिक क्षत्रिय थे। उन्होंने कहा कि शौर्य और बलिदान से भरा हमारा इतिहास हमसे कहता है कि " बहती नदिया की धार बनो, कुल की रक्षा में खार बनो।" उन्होंने कहा कि युवा वह है जो अनीति से लड़ता है, दुर्गुणों से दूर रहता है, जिसमें जोश के साथ होश होता है,जो समस्याओं का समाधान जानता है, जो प्रेरक इतिहास रचता है और कहने के बजाए करके दिखाता है। उन्होंने कहा कि अकबर मेवाड़ को जीत कर दिल्ली से गुजरात को जोड़ना चाहता था। लेकिन वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप में ही अकबर का सामना करने का सामर्थ्य था। उन्होंने अकबर की 80 हजार सेना के सामने अपने 15 हजार सैनिकों में शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करके जोश भरा। हर एक सैनिक ने 5 मुगल सैनिकों का विनाश किया और कहा कि अकबर की सेना में दम है तो हमारे महाराणा के सीने में दम है। उन्होंने कहा कि हम क्षत्रिय धर्म की रक्षा करते हैं और धर्म हमारी रक्षा करता है। धर्म के बिना न मनुष्य जीवित रह सकता है और न ही मनुष्यता जीवित रह सकती है। रघुकुल शिरोमणि भगवान श्री राम का राज्य अयोध्या भावनाओं के स्वर्ण से आभूषित थी क्योंकि वहां धर्म था जबकि रावण की लंका स्वर्ण नगरी होने पर भी अधरम से भरी हुई थी। माता कौशल्या ने वनवास को जाते भगवान श्री राम को यही आशीर्वाद दिया था कि बिना भय के जाओ, अग्नि वायु जल जंगल और धर्म तुम्हारे रक्षक होंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने हमें जो क्षत्रिय धर्म बताया है उसका सर्वश्रेष्ठ पालन महाराणा प्रताप जी ने किया। श्री अविराज ने प्रेरक उद्धरण देकर कहा कि सक्सेस के पीछे नहीं एक्सीलेंस और योग्यता के पीछे भागो। नई तकनीक का सदुपयोग करो, मोबाइल उपयोग करो लेकिन याद रखो कि उसे चलाने वाली अंगुलियां हमारी हों। विनम्रता हमारे जीवन का आधार होना चाहिए। भगवान राम जी की इच्छा से ही हमारा समाज और हम आगे बढ़ेंगे और कीर्तिमान रचेंगे।



## एनसीसी कैंप ढाना में जीवन रक्षक तकनीकों और मेडिकल इमरजेंसी जागरुकता सत्र का आयोजन

**सागर।** ढाना में एनसीसी ग्रुप सागर के अंतर्गत 33 मध्यप्रदेश एनसीसी बटालियन सागर द्वारा आयोजित नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जीवन रक्षक तकनीकों और चिकित्सा आपातकालीन तैयारी पर एक जानकारीपूर्ण और रोचक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में आवश्यक स्वास्थ्य अभ्यास, कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन और बुनियादी फिजियोथेरेपी तकनीकों पर व्याख्यान और जीवंत प्रदर्शन शामिल थे। यह प्रशिक्षण डॉ. पूजा कुमारी और डॉ. स्निग्धा सुप्रिया राव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिन्होंने कैडेट्स को व्यावहारिक अभ्यास कराए और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की। सभी स्वास्थ्य, जीवनरक्षक तकनीकों और इमरजेंसी जागरुकता के लिए बंसल अस्पताल के विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई। इस इंटरैक्टिव सत्र का उद्देश्य कैडेट्स को प्राथमिक उपचार की आवश्यक तकनीकों से लैस करना और चिकित्सा आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया की जागरूकता बढ़ाना था। कैंप कमांडर कर्नल आर एस राजीव सेना मेडल द्वार आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और वर्तमान समय के अनुरूप हर एक युवा को सी पी आर के जानकारी रखने की आवश्यकता को समझाया इस अवसर पर लगभग 450 एनसीसी कैडेट्स ने इस कार्यशाला से लाभ उठाया और चिकित्सा विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष अनुभव एवं मूल्यवान जानकारी प्राप्त की।

## खबर संक्षेप

### रिसोर्स पर्सन के लिए आवेदन 28 तक करें

**विदिशा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक लाभार्थियों को हंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने जिला रिसोर्स पर्सन के रुप में चयन किया जाएगा। जिला रिसोर्स पर्सन फेसिलेटर के रुप में नियुक्ति के लिए आवेदन 28 जुलाई तक किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों की जांच शुरू

**विदिशा।** जिले के पेट्रोल पंपों का खाद्य विभाग और नापतौल विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कलेक्टर अशुंल गुप्ता के निर्देश पर विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी मीना सोनी और नापतौल निरीक्षक ने मंगलवार को नटेरन स्थित मां आटो सर्विस पेट्रोल पंप की जांच की। उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले पेट्रोल के नापजौख हेतु निर्धारित पैमानों का परीक्षण किया।

### डीएपी छिड़काव न करें किसान, मिट्टी में मिलाएं

**विदिशा।** धान, सोयाबीन एवं मक्का के पौधों की वृद्धि के लिए किसान डीएपी का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि डीएपी का उपयोग छिड़काव के लिए न करें। डीएपी मुख्य रूप से बोवनी के समय मिट्टी में मिलाकर उपयोग करने से लाभ होता है। फसल उगने के बाद फसल की वृद्धि के लिए यूरिया या नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव कर सकते हैं। जबकि डीएपी के छिड़काव करने से डीएपी में उपलब्ध मात्रा पौधों को न के बराबर उपलब्ध हो पाती है और व्यर्थ चली जाती है। जिससे किसानों को नुकसान होगा।

### डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया

**ग्यारसपुर।** कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल ने मंगलवार को डबल लॉक केंद्र पीपलखेड़ी, अटारीखेजड़ा का निरीक्षण किया। केंद्र पर डीएपी और यूरिया खाद का अब तक 100 से अधिक किसानों वितरण किया जा चुका है। प्रति किसान अधिकतम 10 बैग डीएपी दी जा रही है। वितरण पीओएस मशीन और पंजी में दर्ज कर अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है। वहीं ग्राम लखूली में वट वृक्ष के नीचे चौपाल लगाकर उड़द मिनी किट का वितरण किया गया।

### कथा के तीसरे दिन दक्ष यज्ञ विध्वंस प्रसंग सुनाए

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में श्री राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन पंडित संतोष शास्त्री ऋषि जी ने दक्ष यज्ञ विध्वंस प्रसंग सुनाते हुए यज्ञ में महादेव की उपेक्षा को अनिष्टकारी बताया। उन्होंने हरि-हर निंदा को गोहत्या समान पाप बताया और सीता-केवट प्रसंग से दांपत्य जीवन में त्याग व समर्पण का संदेश दिया। शिव-पार्वती विवाह व कार्तिकेय द्वारा तारकासुर वध का वर्णन भी किया।

## पुलिस ने 6.28 लाख रुपए का मशरूका किया जब्त

# टीकमगढ़ पुलिस की सख्ती रंग लाई, अवैध शराब की पकड़ी खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में टीकमगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं, जिनका असर अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है।

इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में, थाना बलदेवगढ़ प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गुखराई में दबिश देकर एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गुखराई के पास एक बोलेरो वाहन में बड़ी खेप में अवैध शराब लाई जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने घेराबंदी की, लेकिन वाहन चालक पुलिस को आता देख बोलेरो वाहन मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तत्पश्चात वाहन की तलाशी लेने पर 8 पेटी कुल 400 क्वार्टर देसी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 72 लीटर है। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब 28 हजार आँकी गई है, जबकि बोलेरो वाहन की अनुमानित कीमत 6 लाख है। पुलिस ने कुल 6.28लाख का मशरूका जप्त किया है।

वाहन छोड़कर भागे आरोपी की पहचान गवाहों द्वारा छोटू सिंह बुंदेला, निवासी वर्मा डांग, थाना दिगोड़ा, जिला टीकमगढ़ के रूप में की गई है। इस पर थाना बलदेवगढ़ में अपराध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई, उनमें शामिल हैं: उप निरीक्षक एन एल ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक, जे एन भगत प्रधान आरक्षक दीपक, हरेंद्र सिंह आरक्षक, केशव लोधी, अजय, सुनील, गुलबंद, पंकज श्रीवास्तव थाना बलदेवगढ़ का संपूर्ण स्टाफ जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज को नशे के जाल से मुक्त कराने की ठोस पहल है। पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने आमजन से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित गतिविधि की जानकारी हो, तो उसे तुरंत और गोपनीय रूप से पुलिस को सूचित करें। नशा मुक्त टीकमगढ़ की दिशा में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## चोरों का आतंक, लगातार हो रहीं चोरियां, पुलिस बेबस



### सीसीटीवी में कैद चोर भी न पकड़ पाई पुलिस जनता में गुस्सा और डर का माहौल

**टीकमगढ़।** जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र इन दिनों चोरों की शरणस्थली बनता जा रहा है। छोटे-मोटे सामान से लेकर मंदिरों और ट्रैक्टर-ट्राली जैसी बड़ी चोरियों तक की घटनाएं रोजाना सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस की पकड़ से चोर कोसों दूर हैं। हालात यह हो गए हैं कि चोर खुलेआम घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, और पुलिस मात्र कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गई है।
हाल ही की घटनाओं पर नजर डालें तो बल्देवगढ़ क्षेत्र में चोरों ने हटा मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, और कई निजी घरों व दुकानों को निशाना बनाया। यही नहीं, कुछ दिन पहले एक ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की वारदात भी सामने आई, लेकिन आज तक पुलिस किसी एक भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई। इससे चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वे अब लगातार संगठित रूप से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरी की कई घटनाएं ऐसी भी हैं जिनमें सीसीटीवी कैमरों में चोर स्पष्ट रूप से कैद हुए हैं, फिर भी बल्देवगढ़ पुलिस आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी। यह पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। क्या पुलिस को चोरों से डर लगता है या फिर आंखों पर पट्टी बंधी है, यह सवाल अब आमजनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र की जनता दहशत में है। लोगों का कहना है कि बल्देवगढ़ थाने की पुलिस सिर्फ मौका मुआयना करके लौट जाती है, न तो चोर पकड़ में आते हैं, और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई की जाती है। इसका सीधा असर यह हो रहा है कि जनता का पुलिस पर से भरोसा टूटता जा रहा है, और चोरों के हौसले और अधिक बढ़ते जा रहे हैं। अब सवाल यह है कि बल्देवगढ़ पुलिस आखिर कब जागेगी? क्या आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब जनता को खुद उठानी होगी। क्या मंदिरों तक को सुरक्षित नहीं रख पाने वाली पुलिस को जवाबदेह ठहराया जाएगा यदि शीघ्र ही चोरियों का पर्दाफाश नहीं होता, तो जनता का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है और प्रशासन को जवाब देना मुश्किल हो जाएगा।



# लघु फिल्म दिखाकर पहुंचाया नशे के विरुद्ध सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**एसपी मंडलोई के निर्देशन में युवाओं को किया जा रहा जागरूक**

नशे से दूरी है जरूरी अभियान को युवाओं तक पहुंचाकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस द्वारा जिलेभर में सशक्त संदेश दिया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत युवाओं को स्कूल व कॉलेजों में लघु फ़िल्म एवं रील्स दिखाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही युवाओं को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा टीकमगढ़ व जतारा एसडीओपी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश स्तरीय "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत 16 जुलाई को जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों, समाज पर पड़ने वाले प्रभावों तथा युवाओं के भविष्य के प्रति संभावित खतरों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट फिल्में, सोशल मीडिया रील्स एवं जागरूकता वीडियो प्रदर्शित करते हुए नशा मुक्ति से जुड़ा सशक्त जागरूकता संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति हेतु सामूहिक शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने समाज से नशा उन्मूलन का संकल्प दोहराया। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में एक सुसंगठित कार्ययोजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। अभियान अवधि में प्रतिदिन विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जा रही है। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा संचालित यह अभियान न केवल नशे के विरुद्ध सामाजिक चेतना जाग्रत कर रहा है, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास, और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करने का भी कार्य कर रहा है।



# ओडिशा में छात्रा से रेप, विदिशा में छात्रों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओडिशा के एक कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में मंगलवार को अभाविप विदिशा में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने एनएसयूआई पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। नेता शालिनी वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी प्रोफेसर समीर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई न होने पर छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। आरोपी को तो फांसी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएसयूआई पीड़िता का नहीं बल्कि आरोपी प्रोफेसर का समर्थन कर रही है। संगठन का कहना है कि जो लोग इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, वे छात्रों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ खड़े हैं।

# गुरु नानक संस्कार स्कूल के 25वें स्थापना दिवस, पौधरोपण का संकल्प

## दर्शन कौर ने पौधों को बताया कल की छाया और जीवन की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




गुरु नानक संस्कार इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टीकमगढ़ ने अपने 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल की प्राचार्य दर्शन कौर ओवेराय रहीं, जिन्होंने सैकड़ों छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रकृति, पर्यावरण और पौधों के महत्व पर गहन विचार साझा किए। प्राचार्य कौर ने कहा, आज लगाया गया एक-एक पौधा कल जब वृक्ष बनेगा तो हमें छाया, फल-फूल और सबसे कीमती ऑक्सीजन देगा। तभी हमें यह एहसास होगा कि प्रकृति की सेवा में हमारा यह छोटा प्रयास कितना बड़ा फल देगा।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि हर छात्र एक पौधा रोपित कर उसकी पूरी जिम्मेदारी उठाए, जैसे माता-पिता अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में भी सैकड़ों छात्रों ने पौधे रोपे और उनकी सुरक्षा एवं देखरेख का संकल्प लिया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सूबेदार उत्तम सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों ने भी बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण में भाग लिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय का संपूर्ण शिक्षक वर्ग और स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया, बल्कि संस्थान की 25 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को भी पर्यावरणीय समर्पण के साथ जोड़ा गया, जो एक प्रेरणास्पद पहल बनकर उभरी।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर दरगुवां पंचायत में हटाया अतिक्रमण

**तहसीलदार पलक जैन के नेतृत्व में दो अवैध मकानों पर चला प्रशासन का बुलडोज़र**



**टीकमगढ़।** जिले की बड़ागांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दरगुवां में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए बुधवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्देश पर की गई, जिसमें दो अवैध निर्माणों को जमींदोज किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व तहसीलदार पलक जैन ने किया, जिनके साथ राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। इससे पहले भी प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा था, लेकिन दबंग अतिक्रमणकारियों के विरोध और पुलिस बल की अनुपलब्धता के कारण कार्रवाई अधूरी रह गई थी। यह मामला कलेक्टर टीकमगढ़ के पत्र और राजस्व प्रकरण से संबंधित था। साथ ही, जबलपुर उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका के तहत यह कार्रवाई आवश्यक मानी गई। प्रशासन ने पूर्व में थाना प्रभारी बड़ागांव धसान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार किया था, लेकिन समय पर बल न मिलने के कारण कार्यवाही लंबित हो गई थी। इसी देरी को आधार बनाते हुए प्रार्थी पक्ष ने उच्च न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अदालत ने सख्ती से निर्देश जारी किए। अंततः बुधवार को कार्रवाई संभव हो सकी और सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाकर प्रशासन ने न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया।



### नवागढ़ जैन क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का संगम

**बड़ागांव धसान।** नवागढ़ निकटवर्ती श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में स्वर्गीय हीरालाल जैन डूडा वालों की पुण्यतिथि एवं राजेन्द्र जैन डूडा वालों व डॉ. राहुल जैन के सुपुत्र के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भक्ति भाव से विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन बेला में सामूहिक नित्य नियम, अभिषेक तथा विश्व शांति व जगत कल्याणार्थ महाशांति धारा विधिपूर्वक संपन्न हुई। इसके पश्चात संगीतमय विधान का भव्य आयोजन हुआ, जिसे विधानाचार्य पंडित ऋषभ जैन 'नवनीत' के कुशल निर्देशन में श्रद्धालुजनों ने संपन्न किया। विधान के समापन अवसर पर क्षेत्र कोषाध्यक्ष इंद्रकुमार जैन ने स्वर्गीय हीरालाल जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हीरालाल जी हम सभी के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनका संपूर्ण जीवन धर्म, समाज सेवा और नवागढ़ क्षेत्र की उन्नति को समर्पित रहा। उनकी स्मृतियां हमारे हृदय में सदैव जीवित रहेंगी। कार्यक्रम में बाहर से पधारे महानुभावों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से चंद्रभान जैन, हुकुमचंद हटेया, प्रकाश सिंघई, राकेश केशरिया, प्रसन्न चौधरी, धीरेन्द्र सिंघई, डॉ. राहुल जैन भोपाल, मुकेश जैन लार सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी व समाजजन शामिल हुए। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना बल्कि संस्कार और स्मृतियों का एक जीवंत संगम भी रहा।

## 147 बंदियों की टीबी सहित विभिन्न रोगों की हुई जांच

# जेल में टीबी मुक्त भारत अभियान स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला जेल टीकमगढ़ में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### प्रयोगशाला भेजे गए

शिविर में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से कुल 147 बंदियों पुरुष एवं महिलाएं की टीबी क्षयरोग की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त बंदियों की सर्पाय टीवी, एचआईवी, शुगर आदि की भी जांच की गई तथा संदिग्ध मामलों में बलगम के नमूने एकत्रित कर आगे की जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

शिविर के दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता एवं जेल अधीक्षक श्री यजुवेन्द्र वाथमार की उपस्थिति में सभी बंदियों को टीबी रोग के प्रति जागरूकता प्रदान की गई और क्षय रोग की रोकथाम व उन्मूलन के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

इस विशेष शिविर के संचालन में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख भूमिका रही, जिसमें प्रमुख रूप से फिरोज अहमद, संजीव शेषा, उमेश खरे, प्रशांत झारखैया, हिमांशु शुक्ला, पंकज द्विवेदी, देवेंद्र सुधने, भानु चौधरी, मनोज सोनी सहित अन्य चिकित्सा एवं तकनीकी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल जेल परिसर के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि टीबी जैसे गंभीर रोग के उन्मूलन के लिए भी एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। शिविर के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि टीबी अब लाइलाज नहीं, बल्कि समय पर जांच और इलाज से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

### चंबल नहर की मरम्मत का प्रस्ताव मंजूर, भोपाल से जारी हुई निविदा

# ढोटी के पास टूटी चंबल नहर की 30.78 लाख से होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पिछले दिनों ढोटी गांव के पास टूटी चंबल दाहिनी मुख्य नहर की 30 लाख 78 हजार रुपए की राशि से मरम्मत होगी। मरम्मत का यह प्रस्ताव जल संसाधन विभाग ने तैयार करते हुए उसे स्वीकृति के लिए मुख्य अभियंता कार्यालय ग्वालियर के माध्यम से भोपाल भेज दिया है। इस प्रस्ताव को शासन की ओर से मंजूर करते हुए भोपाल स्तर से निविदा आमंत्रित कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी उम्मीद जता रहे है कि रवि सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी की जरूरत पडने से पहले चंबल नहर की मरम्मत कर दी जाएगी।



### छह माह चलती है चंबल नहर

राजस्थान के कोटा बैराज से निकली चंबल दाहिनी मुख्य नहर मप्र के श्योपुर, मुरैना और भिंड जिले में बहती है। इसमें अक्टूबर से मार्च माह तक पानी मिलता है। जिससे इन तीनों जिलों की साढ़े 3 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई रवि सीजन के दौरान होती है। इसमें श्योपुर जिले में ही लगभग 70 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होती है। इसलिए चंबल नहर की मरम्मत रवि सीजन के पहले होना जरूरी है।

श्योपुर सहित चंबल संभाग के तीनों जिलों के किसानों की जीवनदायिनी चंबल मुख्य नहर पिछले दिनों ढोटी गांव के पास उस समय टूट गई,जब 35 गांवों की सिंचाई के लिए बनाई गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग के लिए चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड गया था। चंबल नहर के टूटने से नजदीकी गांव टर्रामाफी में बाढ के हालात निर्मित हो गए थे। खेतों में रोपी गई धान की फसल पानी में डूब गई। वहीं आधा दर्जन के करीब ग्रामीणों के घरों में नहर का पानी भरने से काफी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि चंबल नहर उस जगह से टूटी है,जहां पहले से नहर की पुलिया क्षतिग्रस्त थी और नहर टूटने का अंदेशा बना हुआ था। हालांकि यहां मरम्मत किए जाने के लिए शासन से राशि भी स्वीकृत हो गई थी, लेकिन जल संसाधन विभाग मरम्मत का काम शुरू करवा पाता,उसके पहले ही चंबल नहर उक्त पुलिया के नजदीक ही टूट गई और नहर की पाल का काफी हिस्सा टूटकर बह गया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत किए जाने के लिए 30 लाख 78 हजार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे सीई ऑफिस ग्वालियर के माध्यम से भोपाल के लिए भेज दिया गया है। बताया गया है कि इस प्रस्ताव को शासन के द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जिसके बाद प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल से चंबल नहर की आरडी 45670 से 45700 मी दाये तट पर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत किए जाने के लिए निविदा जारी कर दी गई है।

### नहर की पाल के साथ पुलिया की भी होगी मरम्मत

बताया गया है कि चंबल नहर की मरम्मत के लिए जो प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, उसके मुताबिक चंबल नहर की पाल जिस स्थान से टूटी है,उस जगह की मरम्मत करते हुए पक्की नहर बनाई जाएगी, वहीं पहले से क्षतिग्रस्त बनी पुलिया जिसकी मरम्मत किए जाने प्रस्तावित था की भी मरम्मत की जाएगी तथा इस जगह से नहर फिर न टूटे,इसके लिए भी जरूरी निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां बता दें कि पिछले साल जुलाई 2024 में आई तेज बारिश के चलते भी चंबल दाहिनी मुख्य नहर गिरधरपुर और श्योपुर के बीच कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद नहर की मरम्मत रवि सीजन की सिंचाई के लिए पानी कोटा बैराज से छोडने से पहले कंपलीट कर ली गई। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो इस बार भी टूटी चंबल नहर की मरम्मत रवि सीजन से पहले कंपलीट कर ली जाएगी।

### इनका कहना है...

ढोटी के पास क्षतिग्रस्त हुई चंबल नहर की मरम्मत 30.78 लाख रुपए की राशि से की जाएगी। इस संबंध में भोपाल स्तर से निविदा जारी कर दी गई है और जल्द ही मरम्मत का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा। रबी सीजन की सिंचाई के पहले नहर की मरम्मत का काम हर हाल में कंपलीट कर लिया जाएगा।

**चैतन्य चौहान**
**कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन विभाग श्योपुर**

## पेलेटस बनाने में पराली का होगा उपयोग, शुरुआत में 5-5 हजार टन पराली खरीदेंगे स्थानीय उद्यमी

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने की मुहिम को ओर अधिक गति प्रदान करते हुए आज पराली से पेलेटस बनाने वाले इंडस्ट्रियलिस्ट के साथ बैठक कर इस सीजन-नो पराली के संबंध में विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्निहोत्री सहित स्थानीय उद्यमी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में संचालित पराली आधारित उद्योगों के संचालको से चर्चा करते हुए कहा कि अपने-अपने स्तर पर पंजाब से बेलर मशीन उपलब्ध कराने के प्रयास सुनिश्चित किये जायें। उन्होने कहा कि शुरूआत में 5-5 हजार टन पराली स्थानीय इंडस्ट्रियलिस्ट खरीदेंगे, जिसका दो रूपये किलो के हिसाब से भुगतान भी देय होगा। उन्होने कहा कि पेलेटस बनाने में पराली का उपयोग करने वाले उद्योगों के लिए यह एक अच्छा अवसर है, जिले में धान के रकबे को दृष्टिगत रखते हुए प्रचुर मात्रा में पराली की उपलब्धता है। इस वेस्ट मटेरियल को प्रोसेसिंग के माध्यम से उपयोगी बनाया जा सकता है और पावर प्लांट को सप्लाई किया जा सकता है। उन्होने कहा कि इस संबंध में पंजाब के बेलर संचालको से ही पूर्व में ही चर्चा कर ली जाये तथा धान कटने के समय ही कम से कम 100 बेलर की जिले में उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जायें। इसके साथ ही उन्होने एनआरएलएम के




अधिकारियों को निर्देश दिये कि कम से कम 100 स्वसहायता समूहों को शासन की 80 प्रतिशत अनुदान योजना के तहत बेलर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जायें। इस अवसर पर उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामवार कृषको की लिस्ट पूर्व से ही तैयार कर रखी जाये तथा समय आने पर पराली काटने का कार्य 15 दिन की समय सीमा में किया जायें। इस अवसर पर पराली आधारित उद्योग से जुडे संचालको ने बताया कि जिले में आधा दर्जन के लगभग इंडस्ट्रीज संचालित है, जो पेलेटस और ब्रेकेट बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होने जानकारी दी कि धान की पराली से पेलेटस बनाये जायेंगे, जिनकी डिमांड पावर प्लांट के लिए होती है। उन्होने यह भी सहमति व्यक्त की कि वे शुरूआत में सभी कम से कम 5-5 हजार टन पराली का क्रय करेंगे, इसके उपरांत और पराली खरीदेंगे।

### सूने घर का चोरों ने चटकाया ताला, साफ किया माल

**श्योपुर।** शहर के कृष्णा पैलेस क्षेत्र में स्थित एक मकान में चोरों ने उस समय धावा बोल दिया, जब मकान में रहने वाले लोग दिल्ली गए हुए थे। बताया गया है कि कृष्णा पैलेसे के पास रहने वाले हरिशचंद्र गर्ग अकेले ही श्योपुर में रहते हैं। जबकि उनके बच्चे दिल्ली में रहते है। बताया गया है कि वे बच्चों से मिलने के लिए दिल्ली गए थे। उनके जाने के बाद सूने हुए मकान का चोरों ने ताला तोड दिया। ताला तोड़कर चोर घर के अंदर से सामान चोरी कर ले गए हैं, लेकिन चोरी क्या क्या सामान हुआ है तथा कितनी नकदी और जेवर चोरी हुआ है, इसका पता घर के लोगो के लौटने पर ही चलेगा। क्योंकि घर के लोग अभी लौटे नहीं है। इस संबंध में कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने नहीं आया है। यदि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोई आएगा तो चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी जाएगी।

## नहाने गया युवक पानी के तेज बहाव के साथ नाले में बहा, दो दिन में मिला शव

**श्योपुर।** उफनते नाले में नहाने के लिए पहुंचा एक आदिवासी युवक नहाने के दौरान बह गया और दो दिन बाद उसका शव करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर मिला है। जिसे पुलिस ने पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। यह घटना मगरदा थाना क्षेत्र के शुक्रवारा गांव की है। मगरदा थाना प्रभारी ध्रुव सिंह भदौरिया ने बताया कि ग्राम शुक्रवारा निवासी शिव सिंह 35 वर्ष पुत्र रामदयाल आदिवासी 13 जुलाई को घर से नहाने की बात कहकर निकला था। जब वह गांव के बगल से गुजरे कांस के नाले के रपटे पर नहा रहा था, तभी वह नाले में पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। जब शिव सिंह शाम तक घर नहीं पहुंचा, तब परिजन उसकी तलाश करते हुए थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर नाले में उसकी तलाश शुरू करवाई गई। मंगलवार को जब नाले में पानी कम हुआ,तब शिव सिंह का शव रपटे से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर मिला है। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 22 से मुरैना, भिंड और श्योपुर जिले में लागू होगी नई प्रणाली

**श्योपुर।** डाक सेवाओं को स्मार्ट, कुशल और भविष्य के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग ने आईटी 2.0 एप्लिकेशन की शुरुआत का निर्णय लिया है। यह डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आगामी 22 जुलाई 2025 से मुरैना, भिंड और श्योपुर जिलों के सभी डाकघरों में यह अत्याधुनिक एप्लिकेशन लागू की जाएगी। डाक विभाग ने बताया कि इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा अनुभव, त्वरित लेनदेन और सरल इंटरफेस उपलब्ध कराया जाएगा। यह एप्लिकेशन आधुनिक तकनीक से युक्त है और उपभोक्ता-केंद्रित सेवाओं के लिए डिजाइन की गई है। इस डिजिटल बदलाव को सुचारू रूप से लागू करने के लिए 21 जुलाई 2025 को सिस्टम डाउनटाइम रखा गया है, जिसके दौरान डाकघरों में किसी भी प्रकार का सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी अवकाश डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और आवश्यक तकनीकी कॉन्फ़िगरेशन के लिए आवश्यक है। डाक विभाग ने सभी ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे अपने जरूरी डाक-संबंधी कार्य 21 जुलाई से पहले ही संपन्न कर लें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। विभाग ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया है कि इस परिवर्तन के बाद सभी नागरिकों को पहले से अधिक सशक्त, डिजिटल और त्वरित सेवाएं प्राप्त होंगी।

### जिले की 165 कार्यकर्ता व सहायिकाओं को बनाया बीएलओ, जताई नाराजगी

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को रास नहीं आ रहा निर्वाचन आयोग का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मतदाताओं की पहुंच बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) तक आसानी से हो इस उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने नवाचार करते हुए स्थानीय (संबंधित क्षेत्र में रहने वाला शासकीय सेवक) स्तर पर बीएलओ बनाने का नवाचार किया है। निर्वाचन आयोग के इस नवाचार से उन मतदाताओं अथवा लोगों की परेशानी दूर होगी जो अपने वयस्क हो चुके बच्चों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने अथवा नाम संशोधित कराने के लिए हमेशा बीएलओ के नहीं मिलने की शिकायत करते रहते हैं, ऐसे मतदाता अब बीएलओ के अपनी बस्ती में ही रहने के कारण उससे आसानी से मुलाकात कर सकते हैं। लेकिन इस नवाचार से उन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं में बेचैनी हो गई है जिन्हें बीएलओ बनाया गया है। कार्यकर्ता और सहायिकाएं इस जिम्मेदारी को जबरदस्ती थोपा हुआ बता कर आंदोलन करने के बात बोल रही हैं।




### ये शासकीय अर्द्ध शासकीय सेवक बन सकते हैं बीएलओ

निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय कर्मचारियों को बीएलओ बनाने के निर्देश दिए हैं इस क्रम में स्थानीय स्तर पर स्थाई कर्मियों के न मिलने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, अमीन, लेखपाल, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, बिजली बिल रीडर, डाकिया, सहायक नर्स एवं दाई, स्वास्थ्य कर्मी, मध्यान्ह भोजन कामगार, संविदा शिक्षक, निगम कर संग्राहक, शहरी क्षेत्रों में लिपिकीय स्टाफ (यूडीसी एलडीसी आदि) को बीएलओ बनाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश की पालना में श्योपुर जिले में 165 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार किसी भी मतदान केन्द्र में नियुक्त किया जाने वाला बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) अब उसी मतदान केन्द्र का मतदाता होना। संबंधित विधानसभा क्षेत्र का ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) किसी मतदान केन्द्र के लिए राज्य सरकार या स्थानीय सरकार के किसी भी समूह के सी श्रेणी और उसके ऊपर के नियमित सेवारत कर्मचारियों में से उस केन्द्र का मतदाता होने पर बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। विधानसभा क्षेत्र श्योपुर के 94 मतदान केद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एवं विजयपुर एसडीएम ने विजयपुर विधानसभा के 71 मतदान केद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को बीएलओ बना दिया है बच्चों को पोषण सेवा और शाला पूर्व शिक्षा देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका मिली इस नई जिम्मेदारी से खुश नहीं है इस संबंध में वह विरोध प्रदर्शन व आंदोलन की बात भी कर रही हैं।

### श्योपुर जिले में पहले ही सफल हो चुका है नवाचार

भले ही निर्वाचन आयोग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अन्य छोटे कर्मचारी या सरकारी कामों में सेवाएं दे रहे गैर सरकारी सेवकों को बीएलओ बनाने के निर्देश अब जारी किए हैं लेकिन श्योपुर जिले में यह प्रयोग एक दशक पूर्व न सिर्फ किया जा चुका है बल्कि सफलतापूर्वक इसे अंजाम भी दिया गया था। जिले की श्योपुर विधानसभा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शहरी क्षेत्र के लिए बीएलओ बनाया गया था जो लंबे समय तक अच्छी सेवाएं देने में सफल रही इसके लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया गया पर बाद में एसडीएम बने मनोज गढ़वाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हटाकर उनके स्थान पर शिक्षकों को बीएलओ बनाया था।

### इनका कहना है...

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अथवा सहायिकाओं को आईसीडीएस की सेवाओं के अलावा दूसरे कामों में ना लगाए जाने के निर्देश हैं। इसके बावजूद कार्यकर्ता सहायिकाओं को बीएलओ बनाया जा रहा हैं जबकि वार्ड में दूसरे सरकारी कर्मचारी मौजूद हैं। शीघ्र ही मुख्य निर्वाचन आयोग के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन (सीटू) श्योपुर**

### चिंताहरण हनुमान मंदिर पर कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

# जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है श्रीमद भागवत कथाः राधारमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा मोहनजी की बगीची से शुरू हुई और गाजेबाजे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कलश यात्रा के बाद कथा व्यास पं राधारमण शास्त्री ने विधिवत देव पूजन उपरांत श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।बताया गया है कि धर्मप्रेमी लोगों के सहयोग से आयोजित यह श्रीमद भागवत कथा 22 जुलाई तक चलेगी। कथा में मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे गोविंद प्रसाद गुप्ता ओछापुरा वाले तथा सहयोगी बन रहे सुरेश जाट, जगदीश जाट,शंभू गोयल, अशोक गोयल, प्रशांत गौतम, हरि सिंह जाट, डॉ शंभूदयाल गुप्ता,डॉ अनिल शर्मा, मनोज घड़ी वाले आदि लोगों ने सभी धर्मप्रेमी लोगो से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पधारकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### 7 उपयंत्रियों एवं 3 एडीईओ, 13 पंचायतों के सचिव, जीआरएस को नोटिस जारी

# सीएम हेल्पलाइन को लेकर सख्त हुआ प्रशासन, दो सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है तथा सभी को निर्देश दिये गये हैं कि सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परतापूर्वक गंभीरता से किया जाए। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने एवं कार्यों में लापरवाही के चलते जहां दो पंचायत सचिवों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। वहीं जनपद पंचायतों के 7 उपयंत्रियों, 3 एडीईओ सहित 13 पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहर के सचिव सोबरन कुशवाह तथा ग्राम पंचायत जाखेर के पंचायत सचिव राजेश जादौन को शासकीय कार्यो में लापरवाही तथा सीएम हेल्पलाइन में रूचि नही लेने के चलते निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनो सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयपुर किया गया है।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण नही करने पर जनपद पंचायत कराहल के उपयंत्री अजीत गिरी, जनपद पंचायत श्योपुर के दीपक धाकड एवं प्रेमनारायण राठौर, जनपद पंचायत विजयपुर के रामेश्वर गुप्ता, रामनिवास धाकड, शरद उच्चारिया एवं प्रियंका जादौन, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद श्योपुर अमन शिवहरे, एडीईओ विजयपुर अभिनंदन भदौरिया एवं देवेन्द्र प्रजापति को कारण बताओ नोटिस दिये गये है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयपुर के ग्राम पंचायत पार्वती बडौदा, गसवानी, गढी, वीरपुर, रघुनाथपुर, देवरी, लाडपुरा, इकलौद, फरारा, सहसराम, कींजरी, आरोदा एवं मैदावली के पंचायत सचिवों तथा जीआरएस को नोटिस जारी किए गए हैं।

# साहब! विगत तीन माह से नहीं मिली राशि, कर्जदार हो गए समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



साहब! विगत तीन माह से समूहों के खातों में राशि नहीं डाली गई है। जबकि शासन के हर माह की 15 तारीख तक राशि डाले जाने के निर्देश हैं। महिलाओं को बाजार में उधार से सामान लेकर भोजन बनाने का काम करना पड़ रहा हैं। अब तो दुकानदारों ने उधार देना भी बंद हो गया है। यह बात प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने जिला महिला बाल विकास अधिकारी के प्रतिनिधि को आंगनबाड़ियों से जुड़ी समस्याओं का ज्ञापन सौंपते हुए कही। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के नाम से सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि आंगनबाड़ियों पर महिला स्व सहायता समूह रोजाना नाश्ता और भोजन बनाने का काम करते हैं। समूहों को सरकार की ओर से हर माह इस भोजन नाश्ता बनाने की राशि प्रदाय की जाती है। शासन के नियम है कि समूह को माह की 15 तारीख तक पेमेंट हर हाल में कर दिया जाए लेकिन श्योपुर जिले में कभी भी हर माह भुगतान नहीं किया जा रहा है पिछली बार अप्रैल माह में भुगतान किया गया था लगभग 3 महीने हो गए हैं अभी तक भुगतान नहीं हुआ है जिससे महिला समूह को भोजन नाश्ता बनाने में परेशानी आ रही है।

# बारिश में नगर पालिका ने शुरू और एनएचआई ने बंद नहीं किए निर्माण कार्य

### पार्षद प्रतिनिधि ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वर्षा काल में निर्माण कार्य कराए जाने चाहिए या नहीं इसको लेकर अधिकारी और जन प्रतिनिधि अथवा ठेकेदार के विचार विरोधाभासी हो रहे हैं। जहां शहरी क्षेत्र में नगर पालिका ने सभी 23 वार्डों में सीसी नाली रोड के टेंडर तो स्वीकृत कर लिया है लेकिन उक्त कामों को वह करा नहीं पा रही है। ठेकेदार इस संबंध में वर्षा काल के दौरान निर्माण नहीं कराए जाने का आवेदन लगाकर अपना बचाव कर लेते हैं और अधिकारी उनसे सहमति जताकर उनकी मदद भी कर देते हैं। दूसरी और शहर में एनएचआई द्वारा सीसी रोड और नाले का निर्माण वर्षा काल में भी धड़ल्ले से हो रहा है। और नगर पालिका काम ही शुरू नहीं कर रही है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद प्रतिनिधि महावीर सुमन ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए उसके वार्ड में स्वीकृत काम करने की मांग की है।

वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि महावीर सुमन ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद ने सभी 23 वार्डों में निर्माण कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की थी इन निर्माण कार्यों को करने के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए पर नगर पालिका उक्त काम को शुरू नहीं कर रही है पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि वह कई बार सीएमओ से मिलकर काम शुरू करने का निवेदन कर चुके हैं लेकिन सीएमओ पार्षद की बात को नजरअंदाज कर रहे हैं। सीएमओ बोल रहे हैं कि ठेकेदार ने आवेदन दिया हुआ है कि वर्षा काल में वह काम नहीं कर सकता है। पार्षद प्रतिनिधि ने कलेक्टर को बताया कि अगर वर्षा काल में निर्माण नहीं होता है तो फिर एनएचआई द्वारा जो भारी बारिश के बीच भी सीसी रोड डलवाई जा रही है नाले बनवाए जा रहे हैं वह क्या है एक और तो मूसलाधार बारिश में भी एनएचआई के ठेकेदार काम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर जोनल वर्क जैसे काम में भी नगर पालिका के ठेकेदार बारिश का बहाना बनाकर नहीं कर रहे हैं। पार्षद प्रतिनिधि ने मांग की है कि उनके वार्ड में काम नहीं करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए ठेका दूसरे ठेकेदार को देकर काम कराया जाए।

# जाटव अध्यक्ष, पालिया उपाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संत रविदास शासकीय कर्मचारी संघ गृह निर्माण सहकारी संस्था श्योपुर के लिए आयोजित हुई निर्वाचन प्रक्रिया में प्रकाश चंद जाटव अध्यक्ष एवं उमा पालिया को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनका निर्वाचन बुधवार को जय श्री पैलेस में आयोजित हुआ। भोपाल से श्योपुर पहुंचे निर्वाचन अधिकारी यशपाल सिंह ने अपनी देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित कराई। इस प्रक्रिया में 11 संचालक मंडल का निर्वाचन कराया जिसमें प्रतिष्ठा पूर्ण अध्यक्ष पद पर प्रकाश चंद जाटव एवं उपाध्यक्ष पद पर उमा पालिया का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। इस दौरान मौजूद सभी सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### जर्जर ओवरब्रिजों का विधायक ने किया निरीक्षण मरम्मत करने निर्देश दिए

**बीना।** कुरवाई मार्ग पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज एवं स्टेशन रोड पर बने रेलवे ओवर ब्रिज के खस्ताहाल स्थिति की शिकायत मिलने पर विधायक निर्मला सप्रे ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर दोनों ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि ओवरब्रिज पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे रोजाना गुजरने वाले राहगीरों, दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बारिश के दौरान यह गड्ढे दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। विधायक सप्रे ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही ई पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग के अधिकारियों से तत्काल स्थाई मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, ऐसे में इन गड्ढों को भरना और पुल की मरम्मत करना समय की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान पार्षद बीडी रजक, पार्षद गौरीशंकर राय, पूर्व पार्षद संजय सिंह, पूर्व पार्षद सुरेंद्र ठाकुर, हन्नु राजपूत, पंचम विश्वकर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक सांसद में रहेंगे मौजूद

**ललितपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 18 जुलाई शुक्रवार को पूर्वान्ह संसद की निगरानी में होगी 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट, ललितपुर के सभाकक्ष में आहूत की गयी है। इस बैठक की अध्यक्षता अनुराग शर्मा, सांसद झाँसी-ललितपुर द्वारा की जायेगी। बैठक में कैलाश नारायण निरंजन, अध्यक्ष जिला पंचायत, मनोहर लाल, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री, रामरतन कुशवाहा, विधायक सदर, रमा निरंजन, सदस्य विधान परिषद (स्थानीय निकाय), शबाबूलाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद (शिक्षक क्षेत्र), मानसिंह यादव, सदस्य विधान परिषद (स्नातक क्षेत्र), समस्त प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं समस्त अध्यक्ष नगर पंचायत के साथ साथ जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। इस बैठक में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा की जायेगी।



### दूध देने जा रहे युवक से रास्ते में मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा मस्जिद के पास निवासी दीपक साहू पुत्र स्व.कैलाश नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती पन्द्रह जुलाई को शाम करीब सात से साढ़े सात बजे के बीच उसका भाई संजय साहू इलाइट चौराहा के पास दूध देने जा रहा था। तभी रास्ते में आकाश रजक पुत्र चैपे रजक, चीनू, कन्नू ने अपने साथियों के साथ संजय को रोक लिया और गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे अंधरूनी चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उसके भाई संजय की मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एम 5743 को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। आरोप है कि उक्त लोग विगत कुछ दिनों पहले उसकी दुकान पर आकर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर गये थे और मारपीट पर भी आमादा हुये थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कृषक फसल बीमा की तिथि 31 जुलाई तक

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसल 2025 के बीमा के लिये शासन द्वारा अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषक अधिसूचित फसलों धान, सोयाबीन, मक्का, उडद एवं मुंगफली का फसल बीमा अपने नजदीकी बैंक शाखा एवं कॉमन सर्विस के माध्यम से करा सकते है।

---

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्डों में चेकिंग अभियान चलाया

# खाली प्लाटों पर कचरा व पानी का भराव न करने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 02 ख़रिकापुरा, वार्ड नंबर 25 चौबयाना व वार्ड नंबर 26 महावीरपुरा में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डों में साफ सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाड़ियों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई एवं बारिश के चलते गलियों व नालियों में हो रहे जल भराव का निस्तारण किया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा कहा कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करायें व वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़े आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया गया कि बारिश के समय में सड़कों पर हो रहे जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निदान निस्तारण करें, जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नायक वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड वासियों को जागरूक करें, घरों में खाली पड़े प्रपत्रों को ढक कर रखने हेतु जागरूक करें व कूलर आदि में जमा जल को खाली करते हुए मच्छरों आदि के लार्वा से बचाव हेतु सभी को निर्देशित करें।

### गलियों में जाकर पानी की निकासी के लिए कार्रवाई करें

इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा बारिश के चलते सड़कों, नालियों एवं नालों आदि की साफ सफाई कराई गई, उन्होंने निर्देशित किया गया बारिश के चलते गलियों आदि में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है उन्होंने स्वास्थ्य नायकों को निर्देश दिये कि वार्डों में जिन गलियों में जल भराव की स्थिति है व पानी की निकासी होने में समस्या उत्पन्न हो रही है उन गलियों में जाकर पानी की निकासी के लिए कार्यवाही करें, जल्द से जल्द पानी की निकासी कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, हेड सुपर बाइजर संजय कुमार, स्वास्थ्य नायक कुंजविहारी, राहुल व जितेंद्र करोसिया सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

पडवां पहुंचे जलशक्ति राज्य मंत्री

# बाढ़ प्रभावित बस्ती में पैदल घूमकर लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर महरौनी

बीते दिनों में महरौनी क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिस से कई गाँवो में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे, बस्तीयों के मकान पानी में डूब गए थे जिससे घरों में रखी खाद्य सामग्री, भूसा आदि खराब हो गया था साथ ही कई मकान गिर गए थे। बाढ़ से हुए नुकशान का शासन ने संज्ञान लिया और मौक़े की स्थिति समझने और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए जलशक्ति विभाग के राज्य मंत्री रामकेश निषाद को जनपद का निरीक्षण करने भेजा था।राज्य मंत्री ने मंगलवार को महरोनी तहसील के पडवां गाँव का दौरा किया, मंत्री ने गाँव पहुंचकर प्रभावित हरिजन बस्ती का दौरा किया और जिलाधिकारी के साथ पैदल चलकर परिजनों से मुलकात की व जलभराव से हुए नुकशान का जायजा लिया।अधिक वारिस से चकोरा की पुलिया व सड़क कट जाने पर मौके पर पहुंचे जल शक्ति मंत्री। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद चकोरा गांव की सड़क व पुलिया अधिक वरसात हौने से बह जाने पर मौके पर पहुंचे । सड़क व पुलिया बनाने का निर्देश दिया। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने कार्य शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी , जिला सूचनाधिकारी, उपजिलाधिकारी मदन मोहन गुप्ता , तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थिति रहे।

**प्रभावित को राहत राशि दिलाने का दिया भरोसा**

---

गोष्ठी का आयोजन किया गया

# डेंगू रोधी माह में दिया प्रशिक्षण बचाव करने के उपाय बताए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

डेंगू रोधी माह के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार, ललितपुर में अपर निदेशक झांसी मण्डल झांसी डॉ सुमन के निर्देशन में डेंगू रोग प्रशिक्षण/गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सामु स्वा केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक एवं वीबीडी यूनिट की टीम ने प्रतिभाग किया। जिनमें डेंगू रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० इम्तियाज अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू बुखार एक वायरल है। जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे- बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आँखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पडना एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवायें। डिसट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने पावर पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण के द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया कि बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगडने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है. इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती है, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अतः घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे. गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं ऐसे पात्रों को नष्ट कर दें। पानी के भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखें।

---

# जीएसटी की धारा 79 के खिलाफ व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई रोकने की मांग

**स्कूटी, वाहन, घर में रखा सोफा को जब्त कर अपमानित करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 79 के अन्तर्गत गलत तरीके से वसूली किये जाने और बैंकों खातों को जबरन सीज किये जाने का आरोप लगाते हुये उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुये राज्य कर विभाग के उपायुक्त को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि उ.प्र. राज्य कर विभाग द्वारा विगत कुछ माह से व्यापारियों के विरूद्ध दमन कारी नीति अपनाते हुए उनके बैंक खातों को सीज किया जा रहा है तथा खातों से धन निकासी भी की जा रही है। अनेकों मामलों में व्यापारी से स्कूटी (वाहन) एवं घर मे रखे फर्नीचर (सोफा) आदि को भी वसूली के रूप में जब्त किया जा रहा है। छोटी रकम में 10 हजार रुपये तक की वसूली के लिए व्यापारियों के वाहन फर्नीचर एवं अन्य सामान को जब्त कर व्यापारी समाज को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि हाल ही में बीती 10 जुलाई 2025 के आदेश में आदेश संख्या 009103316500 द्वारा झांसी के राज्य कर विभाग द्वारा 5 हजार रुपये की वसूली में स्कूटी को जब्त किया गया है एवं एक दूसरे मामले में 10 हजार रुपये की वसूली में पुराना सोफा सैट आदेश सं. 090724216757 के द्वारा जब्त किया गया है, जिसे व्यापारियों ने व्यापारी सम्मान के विरूद्ध व अशोभनीय घटना बताया। कहा कि राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 79 का दुरूप्रयोग कर अपना नम्बर या गुड वर्क दिखाने के लिए जिस तरह से कार्य प्रणाली को अपनाया है, और प्रदेश भर में व्यापारियों का उत्पीडन या शोषण किया जा रहा है जिससे व्यापारियों में बडा रोष है। उन्होंने धारा 79 के दुरूप्रयोग को रोकने के लिए इसका सरलीकरण कर संशोधित किय जाने की मांग उठायी है। साथ ही व्यापारियों पर की जा रही अपमानजनक कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग उठायी गयी है। ज्ञापन देते समय प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, अभय जैन एड., पंकज जैन, नवीन सिंघई, अशोक अनौरा, सतीश जैन, राजीव सुडेले, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक जैन मयूर, राहुल मोदी, विजय जैन, अंकित सतभैया, पवन जैन, संजीव जैन, अवनीश जैन, जयनारायण शर्मा, उदयभान सिंह, रोहित जैन, रामप्रकाश शर्मा, अरविंद जैन, वीरेंद्र जैन, सतीश, बृजेश रावत, रिकी जैन, सुमत जैन, संजय कुर्मी,

---

# पुलिस ने कार से 900 पाव अवैध शराब पकड़ी, आरोपी को न्यायालय में किया पेश

**बीना।** पुलिस ने लायरा की ओर से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार से 900 पाव (162 लीटर) अवैध लाल मसाला शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़ी गई शराब की कीमत 90 हजार एवं कार कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। वहीं दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि झांसी अंडर ब्रिज के पास पुलिस ने चेकिंग लगाई। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा बताई गई स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 09 टीए 6107 जो लायरा की ओर से आ रही थी उसे हाथ देकर रोका गया। लेकिन



ड्राइवर के द्वारा कार को नहीं रोका। जिसे बाद में घेराबंदी कर एक आरोपी के साथ पकड़ा गया। वहीं मौके का फायदा उठाकर दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक कुशवाहा पिता रामसेवक कुशवाहा उम्र 32 वर्ष होना बताया। जब दीपक कुशवाहा से कार की डिग्गी खुलवाई तो कार की डिग्गी में कपड़े के 9 थैले मिले। प्रत्येक थैले में 2-2 कार्टून रखे हुए थे। जिसमें प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव लाल मसाला, प्रत्येक पाव 180 एमएम के रखे मिले। कुल कार्टून से 900 पाव मिले। जिनसे कुल 162 लीटर अवैध लाल मसाला बरामद हुई।

---

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया जा रहा है। जिससे अभियान के अंतर्गत जिले में अधिक से अधिक पौधरोपण हो। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर के मड़खेड़ा सेक्टर 01 में उन्नति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा नवीन प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन जिला समन्वयक श्री बद्रीप्रसाद चैहान अध्यक्षता में मंगलवार को चोपड़ा मंदिर प्रांगण लखेरी बसारती में किया गया। बैठक में जिला समन्वयक ने उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव से कहा कि समिति के संपूर्ण दस्तावेज संधारण हो। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने नवांकुर सखी अभियान के बारे में बताया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में आंवला ,सहजन,अनार, सीताफल के पौधे रोपे। इस बैठक में मौजूद महंत इंद्रदेव दास महाराज, नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष सुनील कुमार सेन,मेंटर्स बलवीर सिंह यादव,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लखेरी बसारती अध्यक्ष मलखान सिंह यादव,सचिव अरविंद यादव,पीपनावदा समिति से अध्यक्ष राजसिंह यादव,प्रस्फुटन समिति देवखेड़ी से अध्यक्ष राजेश धाकड़ एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

---

कलेक्टर आदित्य सिंह ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में 550 आवेदक समस्याएं लेकर आए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जनसुनवाई का शहर से लेकर गांव तक के लोगों को पूरे सप्ताह इंतजार रहता है। मंगलवार को जनसुनवाई के कार्यक्रम में आवेदकों की भरमार नजर आई। 550 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिन्हें कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा अपने समक्ष में सुना गया। आवेदकों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। पहले पंजीयन कराओ किस विभाग की समस्या है उस विभाग को अवगत कराओ।

आवेदकों को आने का रास्ता अलग और जाने का रास्ता अलग है। लेकिन जनसुनवाई में जो आवेदन आ रहे हैं। अगर आवेदकों की समस्या की बात की जाए तो सबसे ज्यादा आवेदन जमीनों को लेकर आ रहे हैं। किसी की समस्या सीमांकन की है तो किसी की रास्ता ने देने कोई बटांकन न हो पाने की समस्या लेकर आ रहा है तो कहीं पर कब्जे हैं हर रोज जमीन को लेकर लडाई झगडे के मामले सामने आते हैं। जमीनों को लेकर समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। इन जमीनी मामलों के अलावा कहीं प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर आवेदन आ रहे हैं तो कहीं राशन न मिलने की शिकायतें आ रहीं हैं। हर जनसुनवाई के कार्यक्रम में मोटे तौर पर इस तरह की समस्याएं देखने को मिल रही हैं।

जनसुनवाई में ग्राम बनियाई निवासी धर्मेन्द्र कुशवाह द्वारा संबल कार्ड को पुनः चालू कराये जाने,ग्राम फुटेरा निवासी प्रीति बाई द्वारा मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने,ग्राम भर्रोली निवासी मोहन सिंह द्वारा आम रास्ता को दुरूस्त कराये जाने, ग्राम बायंगा निवासी देवेन्द्र यादव द्वारा मक्का का बीज दुकानदार द्वारा वापिस न करने, अशोकनगर निवासी धर्मेन्द्र जाटव द्वारा सी.सी. सड़क एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम अचलगढ़ निवासी घासीराम द्वारा भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाये जाने, ग्राम ओण्डेर निवासी पानबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम खमखेडी निवासी राजकुमार द्वारा भूमि के नक्शे के ऑनलाईन कराये जाने, अमरोद निवासी विधावाई द्वारा भूमि का पट्टा प्रदान कराये जाने, ग्राम खमखेडी निवासी ब्रजभान सिंह द्वारा बटवारा व बटाकंन पर आपत्ति किये जाने, ग्राम सिकन्दरा निवासी बृजेश कुमार पाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने आदि समस्याएं आईं।

---

# विश्व मांगल्य सभा ने 11 शिवालयों में शिव अभिषेक की शुरुआत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्व मांगल्य सभा ने अति पवित्र एवं पुण्यदायी श्रावण मास में, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर के 11 शिवालयों में पंच स्तोत्र पाठ एवं शिव अभिषेक का संकल्प लिया। इस क्रम की शुरुआत सन सिटी कॉलोनी स्थित राम दरबार मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ की गई। इस आयोजन में समस्त मातृशक्ति ने मिलकर शिव चालीसा, रुद्राष्टक, शिव पंचाक्षर स्तोत्र, द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तुति, शिव जी के 108 नाम तथा लिंगाष्टक का पाठ किया। साथ ही “ॐ नमः शिवाय” मंत्र के पावन उच्चारण के साथ शिव अभिषेक सम्पन्न हुआ। श्रावण मास को शिव भक्ति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। ऐसा विश्वास है कि यदि इस पावन मास में सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना की जाए तो वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। विश्व मांगल्य सभा का उद्देश्य है। हर घर में प्रखर, तेजस्वी एवं संस्कारवान परिवार का निर्माण करना, भारत को विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना तथा समाज में संस्कार, सदाचार और सेवा भाव को जागृत करना।